# भारतीय नौसेना ध्वज

**हाल ही में** [**प्रधानमंत्री**]() **ने भारत के पहले विमानवाहक पोत** [**INS विक्रांत**]() के प्रक्षेपण को चिह्नित करने हेतु कोच्चि में [**भारतीय नौसेना**]() के नए पताका/ध्वज का अनावरण किया।

## ध्वज़/पताका (Ensign)

- **परिचय:**
  - **पताका** राष्ट्रीय ध्वज है जो जहाज़ों और विमानों पर प्रायः सशस्त्र बलों की शाखा या इकाई के विशेष प्रतीक चिन्ह के साथ प्रदर्शित होता है।
- **भारतीय नौसेना का वर्तमान ध्वज:**
  - वर्तमान ध्वज के ऊपरी बाएँ कोने (कैंटन) में तिरंगे के साथ सेंट जॉर्ज क्रॉस मौजूद है।

[//]()

## ध्वज बदलने की आवश्यकता:

- **लंबे समय से लंबित मांग:**
  - नौसेना के ध्वज में बदलाव की लंबे समय से मांग चल रही थी।
    - परिवर्तन के लिये मूल सुझाव वाइस एडमिरल **वी.ई.सी. बारबोज़ा ने दिया था जो नौसेना से फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ पश्चिमी नौसेना कमान के रूप में सेवानिवृत्त हुए थे।**
- **औपनिवेशिक अतीत को बदलना:**
  - वर्तमान ध्वज अनिवार्य रूप से भारतीय नौसेना के स्वतंत्रता पूर्व ध्वज का उत्तराधिकारी है, **जिसके ऊपरी बाएँ कोने पर यूनाइटेड किंगडम के यूनियन जैक के साथ सफेद पृष्ठभूमि पर रेड जॉर्ज क्रॉस** था।
  - स्वतंत्रता के बाद **15 अगस्त, 1947** को भारतीय रक्षा बलों ने **ब्रिटिश औपनिवेशिक झंडे और बैज को जारी** रखा तथा **26 जनवरी, 1950 को इसके स्वरूप/डिज़ाइन में बदलाव** किया गया।
  - नौसेना के शिखा और ध्वज को बदल दिया गया था, लेकिन ध्वज में एकमात्र अंतर यह था कि **यूनियन जैक चिह्न को तिरंगे से प्रतिस्थापित कर दिया गया** और रेड जॉर्ज क्रॉस को जारी रखा गया।

## नौसेना के ध्वज में किये गए परिवर्तन:

- नौसेना के ध्वज में परिवर्तन **वर्ष 2001** में किया गया था जब रेड **जॉर्ज क्रॉस को सफेद ध्वज के मध्य में नौसेना शिखा से बदल दिया** गया था, जबकि शीर्ष में बाँए **कोने पर तिरंगे का स्थान बरकरार** रखा गया।
- इसके अलावा वर्ष 2004 में ध्वज को **फिर से रेड जॉर्ज क्रॉस में बदल** दिया गया था क्योंकि **नए ध्वज में नौसेना के शिखर का नीला रंग आकाश और समुद्र** दोनों की तरह प्रतीत हो रहा था।
    - ध्वज में एक नया परिवर्तन किया गया और **रेड जॉर्ज क्रॉस के बीच में अब अशोक स्तंभ के सिंह को प्रतीक चिह्न** के रूप में शामिल किया गया।
- वर्ष 2014 में एक और बदलाव किया गया, जब **देवनागरी लिपि में अशोक स्तंभ** के नीचे ध्वज पर **'सत्यमेव जयते'** शब्द को अंकित किया गया।

## सेंट जॉर्ज क्रॉस:

- **परिचय:**
    - एक सफेद पृष्ठभूमि पर रेड क्रॉस को **सेंट जॉर्ज क्रॉस** के रूप में प्रदर्शित किया जाता है, इसका नाम एक ईसाई योद्धा के नाम पर रखा गया है, जो **ईसाईयों के तृतीय धर्मयुद्ध में शामिल एक वीर योद्धा** था।
    - यह क्रॉस इंग्लैंड के ध्वज के रूप में भी कार्य करता है जो यूनाइटेड किंगडम का एक घटक है।
        - इसे इंग्लैंड और लंदन शहर ने वर्ष 1190 में भूमध्य सागर में प्रवेश करने वाले अंग्रेजी जहाज़ों की पहचान करने के लिये अपनाया था।
        - अधिकांश राष्ट्रमंडल देशों ने **अपनी स्वतंत्रता के समय रेड जॉर्ज क्रॉस को बरकरार रखा है,** हालाँकि कई देशों ने वर्षों से अपने संबंधित नौसैनिकों पर रेड जॉर्ज क्रॉस को हटा दिया है।
            - उनमें से प्रमुख हैं ऑस्ट्रेलिया, न्यूज़ीलैंड और कनाडा।

दृष्टि The Vision

## [स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-navy-ensign